THREE WORLDS
तीन लोक



FATHER OF ALL THE SOULS IS ONE

सर्व आत्माओं का पिता एक है

शिव और शंकर में अन्तर

सूक्ष्म लोक निवासी, विनाशकारी, आकारी देवता
(रचना)

परमधाम निवासी, कल्याणकारी, निराकार परमात्मा
(रचयिता)

GOD IS NOT OMNIPRESENT
परमात्मा सर्वव्यापी नहीं

EIGHT POWERS OF SOUL
आत्मा की अष्ट शक्तियाँ

त्रिमूर्ति

परमात्मा शिव से प्राप्त रचयिता और रचना के बारे में इस प्रायः लुप्त ज्ञान और योग से पुनः नर से श्री नारायण या श्री राम और नारी से श्री लक्ष्मी या श्री सीता पद प्राप्त हो रहा है

परमात्मा का नाम और रूप

ज्ञानामृत के सागर परमप्रिय भगवान शिव कहते हैं :–

प्रिय वत्सों ! मैं नाम और रूप से न्यारा व सर्वव्यापी नहीं हूँ, बल्कि मेरा नाम **'शिव'** है और मेरा अव्यक्त रूप 'ज्योतिर्लिंगम्' है। ब्रह्मा, विष्णु तथा शंकर का भी रचयिता होने के कारण मैं **'त्रिमूर्ति शिव'** भी कहलाता हूँ। मेरा अव्यक्त ज्योतिर्लिंगम् रूप न तो देवताओं के सूक्ष्म शरीर के रूप के समान है और न ही मनुष्यात्माओं के स्थूल शरीर के सदृश्य है। इस कारण मुझे **'निराकार'** भी कहा जाता है।

परमधाम

मैं 'निराकार' अर्थात् अशरीरी परमात्मा स्थूल देहधारी मनुष्यों की इस सृष्टि से तथा सूक्ष्म देहधारी देवताओं के लोक से भी पार **'ब्रह्मलोक' में निवास करता हूँ।** सालिग्राम रूपी मनुष्यात्माएँ भी निर्वाण अवस्था में ब्रह्मलोक में ही ब्रह्मज्योति महतत्व में निवास करती हैं। वहाँ से ही हर एक अशरीरी आत्मा अपने–2 समय पर इस मनुष्य–सृष्टि में आकर अपने–2 अनादि संस्कारों के अनुसार अनादि निश्चित लीला करती है। मैं गीता का निराकार भगवान भी उसी परमधाम से संगम समय पर मनुष्य–सृष्टि–मंच पर अपना अनादि कर्तव्य करने आता हूँ।

रचना का रहस्य

बहुत काल से बिछड़े हुए प्रिय दैवी वत्सों,

पाँच विकार रूपी माया से हारे हार, माया पर मेरे द्वारा जीते जीत का अर्थात् आधा कल्प हार, आधा कल्प जीत का पाँच मुख्य युग, पाँच मुख्य धर्मों वाला एक अनादि बना बनाया सृष्टि ड्रामा है, जो कल्प–2 (हर 5000 वर्ष) फिर से रिपीट होता रहता है, जिसका क्रियेटर, डायरेक्टर, मुख्य ऐक्टर, ड्रामा के आदि, मध्य, अन्त को जानने वाला पारलौकिक परम प्रिय परमपिता–शिक्षक–सद्गुरू, पतित पावन, निराकार, चैतन्य, जन्म–मरण रहित, निराकार गीता का भगवान त्रिमूर्ति (ब्रह्मा, विष्णु, शंकर का रचयिता) शिव वा सोमनाथ मैं हूँ। मैं कल्प–कल्प–कल्प के सुहावने धार्मिक (Auspicious) संगम युग (Confluence Yug) में, सतयुगी आदि सनातन देवी–देवता (Deity) धर्म की ब्रह्मा द्वारा सहज ज्ञान और सहज राजयोग बल से स्थापना, कलियुगी अनेक आसुरी धर्मों का शंकर द्वारा महाभारी महाभारत मूसल लड़ाई और प्राकृतिक आपदाओं से विनाश और विष्णु द्वारा दैवी धर्म की पालना कराने एक ही बार अवतरित होता हूँ।





अवतरण का समय

हे वत्सों! कलियुग के अन्त तक जन्म–मरण में आते–2 सभी धर्म–संस्थापक और उनकी वंशावलियों की अन्य सभी मनुष्यात्माएँ अपनी सुख–दुःख की चारों अवस्थाओं को पार कर अति प्रबल माया अर्थात् विकारों के कारण धर्म भ्रष्ट, कर्म भ्रष्ट, योग भ्रष्ट और आसुरी स्वभाव वाली हो जाती हैं, तब मैं, जो ही जन्म–मरण, सुख–दुःख, लेप–क्षेप से न्यारा, सदा एकरस, 'जागति–ज्योति', सबका पारलौकिक परमपिता–शिक्षक–गुरू, धर्मराज, त्रिमूर्ति और त्रिकालदर्शी अर्थात् सृष्टि के आदि, मध्य, अन्त को जानने वाला योगेश्वर, सर्वशक्तिमान, विश्व अधिकारी पतित–पावन हूँ, सबको माया के बन्धन से छुड़ाने, दिव्य बुद्धि और दिव्य दृष्टि द्वारा मुक्तिधाम और जीवन मुक्तिधाम की राह दिखाने और सबके विकर्म विनाश कर सद्गति करने अर्थ आत्माओं को उनके मूल, पवित्र पारलौकिक अवस्था में लाने के लिए तीन दिव्य कर्म करता और कराता हूँ।

दिव्य जन्म और कर्तव्य

स्थापना : मैं कलियुग के अन्त और नए सतयुग के आदि के संगम समय परमधाम से अवतरित होकर श्री कृष्ण अर्थात् श्री नारायण के चौरासीवें जन्म के साधारण वृद्ध मनुष्य तन

में प्रवेश करता हूँ। मेरे ऐसे अलौकिक जन्म के पश्चात् उस मनुष्य को **'आदि देव ब्रह्मा'** या **'आदम'** कहा जाता है। **उसके मुख कमल** द्वारा मैं पुनः प्रायः लुप्त गीता ज्ञान और योग की शिक्षा देता हूँ। इस ज्ञान व योग द्वारा 'ब्रह्मा' और उनकी मुखवंशावली 'सरस्वती' भविष्य सतयुगी सृष्टि के आरम्भ में पुनः श्री नारायण और श्री लक्ष्मी (स्वयंवर पूर्व श्री कृष्ण और श्री राधे) पद पाते हैं। इस ज्ञान और योग के बल से पाँचों विकारों पर विजय प्राप्त कर सत्वप्रधान संस्कार धारण करने वाले नर–नारी सतयुगी सूर्यवंश में और सत्वगुण सामान्य संस्कारों वाले नर–नारी त्रेतायुगी चन्द्रवंश जीवनमुक्त देवी–देवता पद प्राप्त करते हैं। इस प्रकार मुझ जगद्गुरू शिव द्वारा कल्प में एक ही बार संगम युग में ज्ञानामृत प्राप्त करने के बाद सतयुग और त्रेतायुग के सर्वोत्तम प्रारब्धकाल में ज्ञान या साधना की आवश्यकता ही नहीं होती।

विनाश : स्थापना की समाप्ति तक मैं ही शंकर द्वारा यूरोपवासी वैज्ञानिकों अर्थात् यादवों तथा भारतवासी देह–अभिमानियों अर्थात् कौरवों को विनाश अर्थ प्रेरता हूँ। इस प्रकार ऐटम व हाइड्रोजन बम्बों, गृह युद्धों, प्राकृतिक आपदाओं आदि द्वारा महाविनाश करा कर सभी आत्माओं को वापस मुक्तिधाम ले जाता हूँ।

पालना : इसके पश्चात् विष्णु चतुर्भुज लक्ष्य द्वारा स्थापित की हुई सतयुगी तथा त्रेतायुगी जीवनमुक्त दैवी सृष्टि की पालना भी मैं ही श्री लक्ष्मी–श्री नारायण, श्री सीता–श्री राम आदि द्वारा कराता हूँ।

अब शिव भगवान कहते हैं

जो मनुष्यात्मा सबको पवित्रता–सुख–शांति देने वाले, सृष्टि के रचयिता मुझ परमात्मा को तथा सृष्टि लीला के मुख्य अभिनेताओं (ऐक्टर्स) के जन्म–पुनर्जन्म की कर्म कहानी को तथा विश्व के इतिहास के कुल समय और पुनरावृत्ति के रहस्य को अब मुझ त्रिकालदर्शी परमात्मा शिव द्वारा नहीं जानता या जान कर नर से नारायण बनने का सर्वोत्तम पुरुषार्थ नहीं करता, वह मनुष्य मंद बुद्धि है।

तत्कालीन मुख्य केन्द्र
ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय (ज्ञान सरोवर)
पाण्डव भवन, माउण्ट आबू (राजस्थान)

वर्तमानकालीन अन्य आध्यात्मिक परिवार
आध्यात्मिक ईश्वरीय विश्व विद्यालय

परमात्मा और देवताओं आदि का यह चित्र दिव्य चक्षु द्वारा साक्षात्कार तथा दिव्य बुद्धि द्वारा अनुभव ही के आधार पर बनाया गया है।

लक्ष्मी–नारायण
स्वर्ग के रचयिता और उनकी दैवी रचना

परमात्मा (परम+आत्मा) का परिचय

ज्ञान सागर, पतित पावन, सर्व के सद्गतिदाता, गीता ज्ञान दाता शिव भगवानुवाच :–

हे वत्सों ! मैं नाम और रूप से न्यारा व सर्वव्यापी नहीं हूँ। मेरा नाम **'शिव' है, रूप अव्यक्त ज्योतिर्बिन्दु है,** अखंड ज्योति ब्रह्ममहातत्व मेरा और तुम आत्माओं का निवास स्थान है। ब्रह्मा, विष्णु और शंकर देवताओं का भी रचयिता होने के कारण मैं **'त्रिमूर्ति शिव'** भी कहलाता हूँ।

अब मैं प्रजापिता ब्रह्मा के साधारण वृद्ध तन में दिव्य प्रवेश करके मनुष्य सृष्टि के आदि, मध्य और अंत का सहज ज्ञान तथा राजयोग सिखाकर तुम भारतवासियों को पुनः पतित से पावन बना रहा हूँ। इस अहिंसक ज्ञान और योग बल से स्वर्ग या वैकुण्ठ का सूर्यवंशी और चन्द्रवंशी दैवी रामराज्य, जो भारत के काँग्रेस पति बापू गांधी जी चाहते थे, सो मैं पांडवपति, सृष्टि का बापूजी, ब्रह्मा मुखवंशावली शिवशक्ति–पांडव सेना द्वारा स्थापन कर रहा हूँ।

साथ ही साथ महादेव शंकर द्वारा प्रेरित होवनहार कल्याणकारी, महाभारी महाभारत लड़ाई और प्राकृतिक आपदाओं द्वारा कलियुगी आसुरी सृष्टि का महाविनाश कराकर सर्व आत्माओं के लिए मुक्ति या शांतिधाम जाने का द्वार खोल रहा हूँ।

एकज भूल

प्रिय वत्सों ! 5000 वर्ष पूर्व महाभारत के समय मैंने ही अविनाशी ज्ञान सुनाया था जिसका यादगार शास्त्र श्रीमद्भगवद्गीता गाया जाता है; परंतु भारतवासियों की सबसे बड़ी भूल यही है कि सर्वशास्त्रमयी शिरोमणि श्रीमद्भगवद्गीता पर मुझ ज्ञान–सागर, गीता–ज्ञान दाता, दिव्य चक्षु विधाता, पतित–पावन, जन्म–मरण रहित, सदा मुक्त, सभी धर्म वालों के गति–सद्गति दाता परमपिता परमात्मा शिव का नाम बदल 84 जन्म लेने वाले, सर्वगुण सम्पन्न, सोलह कला सम्पूर्ण, सतोप्रधान सतयुग के प्रथम राजकुमार श्री कृष्ण (जिसने स्वयं इस गीता द्वारा यह पद पाया है) का नाम लिख कर भगवद्गीता को ही खंडन कर दिया है। इस कारण ही भारतवासी मेरे से योग भ्रष्ट हो, धर्म भ्रष्ट, कर्म भ्रष्ट, पतित, कंगाल, दुःखी बन गए हैं।

यदि भारत के विद्वान, आचार्य, पंडित यह भूल न करते तो सृष्टि के सभी धर्म वाले श्रीमद्भगवद्गीता को मुझ, निर्वाण धाम ले जाने वाले पंडे **;स्पइमतंजवत – ळनपकमद्ध परमप्रिय** परमपिता शिव के महावाक्य समझ कितने प्रेम और श्रद्धा से अपना धर्म शास्त्र समझ पढ़ते और भारत को मुझ परमपिता की जन्मभूमि **;ळवकश् ठपतजी च्संबमद्ध** समझ इसको अपना सर्वोत्तम तीर्थ स्थान मानते।



ईश्वरीय संदेश

आने वाले 10 वर्षों में भारत से भ्रष्टाचार और विकारों का अन्त होने वाला है तथा होवनहार विश्वयुद्ध के पश्चात् सतयुगी सूर्यवंशी श्री लक्ष्मी–श्री नारायण का राज्य शीघ्र ही आने वाला है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारियाँ और ब्रह्माकुमार

श्री लक्ष्मी और श्री नारायण के 84 जन्मों की सत्य कहानी

शिव भगवानुवाच:–

प्रिय वत्सों ! आज से 5000 वर्ष पहले सतयुग की आदि में इस ही भारत पर पूज्य राजराजेश्वरी श्री लक्ष्मी और राजराजेश्वर श्री नारायण अटल, अखंड, निर्विघ्न, सम्पूर्ण, सुख–शांति सम्पन्न राज्य करते थे । स्वयंवर के पूर्व इन्हों का नाम श्री राधे और श्री कृष्ण था। वे सर्वगुण सम्पन्न, 16 कला सम्पूर्ण, सम्पूर्ण निर्विकारी, मर्यादा पुरुषोत्तम और सम्पूर्ण अहिंसक थे। इन्होंने सतयुग के 1250 वर्षों में सूर्यवंशी देवता कुल में 8 जन्म लिए और त्रेतायुग के 1250 वर्षों में चंद्रवंशी कुल में राज्य–भाग्य सहित 12 जन्म लिए। द्वापर और कलियुग के 2500 वर्षों में वैश्य और शूद्र कुल में शिरोमणि भक्त राजा–रानी अथवा प्रजा कुल में 63 जन्म लिए।

अब कल्प के पुरुषोत्तम संगमयुग में श्री नारायण के अंतिम 84 वें जन्म के साधारण तन की वानप्रस्थ अवस्था में मैं (निराकार शिव परमात्मा) ने दिव्य प्रवेश कर इनका नाम **प्रजापिता ब्रह्मा** रखा है और श्री लक्ष्मी का वर्तमान 84 वाँ जन्म ब्रह्मा मुखवंशावली ब्रह्माकुमारी का है जिसका नाम मैंने **जगदम्बा सरस्वती** रखा है और कल्प पहले की तरह ब्रह्मा के मुख कमल द्वारा सहज राजयोग और ईश्वरीय ज्ञान सिखलाकर, फिर से नई सत्युगी दैवी दुनियाँ, स्वर्ग अथवा वैकुण्ठ की पुनः स्थापना कर रहा हूँ। यही प्रजापिता ब्रह्मा और उनकी मुख सन्तान ब्रह्माकुमारी सरस्वती अपने तीव्र पुरुषार्थ से भविष्य जन्म में फिर से वही सतयुग के पूज्य विश्व महाराजन राजराजेश्वर श्री नारायण और विश्व महारानी राजराजेश्वरी श्री लक्ष्मी का पद प्राप्त करेंगे।

प्रिय वत्सों ! अब मुझ विश्व के बापूजी को सम्पूर्ण पवित्रता, सुख–शांति सम्पन्न सत्य दैवी स्वराज्य स्थापन करने में जो कमल पुष्प समान गृहस्थ–व्यवहार में रहते हुए देह सहित देह के सभी संबंधियों से बुद्धि योग तोड़ मेरे साथ योगयुक्त होंगे अर्थात् राजयोगी बनेंगे और पवित्र रहेंगे वही भविष्य आधा कल्प (2500 वर्ष) में 21 जन्मों तक सतयुगी सूर्यवंशी और त्रेतायुगी चन्द्रवंशी कुल में ऐसा **नर से नारायण और नारी से लक्ष्मी** अर्थात् मनुष्य से देवता पद प्राप्त करेंगे।

(तत्कालीन) मुख्य केन्द्र
प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय
पाण्डव भवन, माउण्ट आबू (राजस्थान)

(वर्तमान कालीन) अन्य आध्यात्मिक परिवार
आध्यात्मिक ईश्वरीय विश्वविद्यालय

- **दिल्ली:** विजय विहार, पो. रिठाला, रोहिणी सै. 5 के पास, दिल्ली.110085
- **फर्रुखाबाद:** 5/26A१ सिकत्तरबाग, जि. फर्रुखाबाद (उ.प्र.). 209625
- **कम्पिला:** नेहरु नगर, गंगा रोड, ग्रा.पो. कम्पिला, जि. फर्रुखाबाद (उ.प्र.). 207505
- **जम्मू:** तहसील. हीरानगर, पो. चकदयाला, जि. कठुआ, जम्मू.कश्मीर. 184144
- **चण्डीगढ़:** # 634ए केशोराम कॉम्पलेक्स, सैक्टर 45 ब, पो. बुडैल, चण्डीगढ़ (पंजाब).160047
- **कोलकाता:** C.L. 249ए सैक्टर 2, साल्ट लेक सिटि, कोलकाता (वे. बंगाल). 700091
- **मुम्बई:** पाटील हाउस, आजाद चौक, खारीगांव, पो. कलवा, जि. ठाणे, मुम्बई (महा.). 400605
- **हैदराबाद:** 29/3 R.T., प्रकाश नगर, पो. बेगमपेट, हैदराबाद (आन्ध्रा) .500016
- **बैंगलोर:** शिवज्योति निलयम, 138 फर्स्ट मेन, पो. दूरवाणी नगर, बैंगलोर (कर्ना.). 560016

कल्प वृक्ष

इस कल्प वृक्ष द्वारा, मनुष्य–सृष्टि के आदि–मध्य–अन्त के विराट रूप के साक्षात्कार से मनुष्य 'नष्टोमोहः स्मृतिलब्धः' और 'मन्मनाभव' होकर विकर्माजीत चक्रवर्ती दैवी स्वराज्य पद पाता है

कल्प वृक्ष का बीज

गीता के निराकार भगवान 'ज्योतिर्लिंगम् शिव' ब्रह्मा जी के मुख कमल द्वारा कहते हैं :–

हे वत्सों! यह विराट मनुष्य–सृष्टि एक उल्टे वृक्ष के समान है। मैं इसका अविनाशी बीजरूप हूँ और इस सृष्टि के सूर्य और तारों के प्रकाश के भी पार ब्रह्मलोक में निवास करता हूँ। मैं अव्यक्तमूर्त परमात्मा इस व्यक्त सृष्टि में सर्वव्यापक नहीं हूँ; बल्कि जैसे एक साधारण बीज में सारे वृक्ष के आदि, मध्य तथा अन्त के विकास के संस्कार होते हैं वैसे ही मुझ में भी इस सृष्टि का त्रिकालिक ज्ञान है। अतः केवल मैं ही सर्वज्ञ और त्रिकालदर्शी हूँ। इस कारण मैं ही इस रचना का सत्य ज्ञान पुराने वृक्ष के अन्त और नए वृक्ष के पुनः स्थापना के समय देता हूँ।

हे वत्सों! प्रत्येक साधारण वृक्ष का बीज एक ही होता है। इसी प्रकार मैं बीजरूप परमात्मा भी एक ही हूँ। अन्य सभी मनुष्य मुझ भगवान का रूप नहीं; बल्कि मुझ अनादि और अपरिवर्तनीय बीजरूप की सत्य रचना है। इस रचना रूपी वृक्ष को मिथ्या मानना मानो मुझ बीजरूपी परमात्मा को मिथ्या मानना है।

कल्प वृक्ष की आदि

हे वत्सों! कलियुग के अन्त और सतयुग के आदि के संगम समय मैं आदि देव ब्रह्मा के मुख कमल द्वारा गीता ज्ञान और योग की शिक्षा से सतयुगी और त्रेतायुगी सत्वगुणी दैवी सृष्टि की स्थापना करता हूँ। उन दोनों युगों की सृष्टि को **'ब्रह्मा का दिन' कहा जाता है। उस सृष्टि में** विकार, दुःख तथा अशांति नाम मात्र भी नहीं होती। अतः उसे **'स्वर्ग'** कहते हैं।

कल्प वृक्ष का मध्य

द्वापर युग से विकारों, अशांति तथा दुःखों का आरम्भ होता है। उस समय से इस्लाम मत, बुद्ध मत, ईसाई मत आदि एक–दूसरे के पश्चात् स्थापित होने लगते हैं और भक्ति, शास्त्र, यज्ञ, तप, वैराग्य, अनेक प्रकार के योग, कर्मकाण्ड इत्यादि शुरू होते हैं; परन्तु मैं वेदों, शास्त्रों अथवा इन मार्गों से नहीं मिलता हूँ। भक्तों, साधकों की मनोकामना भी मैं ही अल्प काल के लिए पूर्ण कराता हूँ और उनके इष्ट का साक्षात्कार भी करा देता हूँ। दुर्गति के इन दो युगों को **'ब्रह्मा की रात्रि' और इस काल की** सृष्टि को **'नरक'** कहते हैं।



सब का सद्गतिदाता एक भगवान शिव है

त्रिमूर्ति, सृष्टि–चक्र और कल्प वृक्ष की व्याख्या से स्पष्ट है कि विकारों के कारण दुर्गति को प्राप्त हुए सभी पापी लोगों, भक्तों, साधुओं इत्यादि का ज्ञान तथा स्वराज्य योग बल द्वारा, उद्धार करने वाला मैं, गीता का निराकार भगवान, सृष्टि का बीजरूप, त्रिमूर्ति परमात्मा शिव ही हूँ जो कि संगम समय ब्रह्मा द्वारा जीवनमुक्ति और शंकर द्वारा मुक्ति देता हूँ ।

कल्प वृक्ष का अन्त

कलियुग के अन्त तक जब सभी मनुष्यात्माएँ पतित हो जाती हैं और यह मनुष्य–सृष्टि–रूपी वृक्ष पूर्ण वृद्धि को प्राप्त हो जर्जरीभूत हो जाता है, तब मैं सतयुगी दैवी सृष्टि का कलम लगाने के लिए प्रजापिता ब्रह्मा के भाग्यशाली रथ अर्थात् तन में अपने परमधाम से आकर अवतरित होता हूँ और भारत की माताओं, कन्याओं, गोपियों अथवा शक्तियों (जिन्हें कि **प्रजापिता ब्रह्माकुमारियाँ** भी कहा जाता है) को ज्ञानामृत का कलश देता हूँ। तब ही मैं निज अव्यक्त रूप का, तीनों देवताओं के वास्तविक रूपों का, वैकुण्ठ का, महाविनाश का साक्षात्कार भी करा देता हूँ।

वैजयन्ती माला व गंगाएँ

इन्हीं ज्ञान गंगाओं अथवा योगबल वाली शक्तियों की अलौकिक सेवा के कारण भारत में कन्याओं अथवा शक्तियों की महिमा है। वैजयन्ती माला के 108 मणके इन्हीं कन्याओं, माताओं तथा गोपों–पाण्डवों के, युगल मणका लक्ष्मी–नारायण का तथा फूल मुझ निराकार परमात्मा शिव का प्रतीक है।

पुनरावृत्तिः– फिर द्वापरयुग में जबकि आदि सनातन दैवी धर्म वाले लोग विकारी हो जाते हैं तथा इस्लाम, बुद्ध, क्रिश्चियन मत आदि स्थापन होकर, कलियुग के अन्त तक वृद्धि को प्राप्त होते हैं, तब मैं पुनः स्वयं अनेक अधर्म विनाश और एक आदि सनातन देवी–देवता सत्धर्म की पुनर्स्थापना का ईश्वरीय कर्तव्य करता और कराता हूँ। इस प्रकार अनादि काल से पाँच हज़ार वर्षों का यह सृष्टि–चक्र कल्प–2 पुनरावृत होता है।

अतः मुझे इस मनुष्य लोक में सर्वव्यापी समझना महान भूल है। यदि मैं मनुष्य लोक में सर्वव्यापी होता तो न कभी धर्म की ग्लानि होती, न युग परिवर्तन होता, न ही कोई मनुष्य विकारी, दुःखी, अशान्त होता।

परमात्मा का पुनः अवतरण

वत्सों ! स्पष्ट है कि अब सभी आत्माएँ तथा सभी धर्म–वंश अपनी–2 स्वर्ण, रजत, ताम्र तथा लोह अवस्थाओं को पार कर चुकी हैं और अब सभी अपनी तमोप्रधान तथा आसुरी संस्कारों वाली अवस्था में हैं। जिस ज्ञान और योग द्वारा मैंने पहले भारत में श्री लक्ष्मी–श्री नारायण तथा श्री सीता–श्री राम का दैवी स्वराज्य स्थापन किया था वह अब प्रायः लोप हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब भारत कंगाल मुहताज हो गया है। अतः सतयुग दैवी सृष्टि की स्थापना अर्थ मैं पुनः अवतरित हुआ हूँ।

भगवान शिव कहते हैं :–

मनुष्यात्माओं ने तो संसार में मिथ्या ज्ञान फैलाया है कि आत्मा ही शिव है, परमात्मा सर्वव्यापी है , आत्मा निर्लेप है, मनुष्यात्मा 84 लाख योनियाँ धारण करती है, कल्प की आयु करोड़ों वर्ष है, गीता का ज्ञान श्री कृष्ण ने द्वापरयुग में दिया, श्री कृष्ण को 108 पटरानियाँ थीं, श्री राम की सीता चुराई गई इत्यादि, इत्यादि। इस मिथ्या ज्ञान से तो उन्होंने मनुष्यों को मुझ से विमुख कर मुक्ति और जीवनमुक्ति से वंचित किया है।

(तत्कालीन) मुख्य केन्द्र
ब्रह्माकुमारी
ईश्वरीय विश्व विद्यालय
पाण्डव भवन
माउण्ट आबू (राजस्थान)
भारत वर्ष

(वर्तमानकालीन) अन्य आध्यात्मिक परिवार
आध्यात्मिक ईश्वरीय विश्व विद्यालय
1. A-1, 351-352, विजयविहार, रिठाला, दिल्ली–110 085
2. 5/26 A सिकतरबाग, जिला–फर्रुखाबाद– 209 625 (यू.पी.)
3. ग्राम–कम्पिला, जिला–फर्रुखाबाद – 207 505 (यू.पी.)
और जम्मू, चण्डीगढ़, कोलकाता, मुम्बई, हैदराबाद, बैंगलूर



ज्ञान सागर, पतित पावन, सर्व के सद्गति दाता, निराकार परमपिता परमात्मा शिव, गीता ज्ञान दाता
भारत के उत्थान और पतन के 84 जन्मों की कहानी
अब फिर से सुनाकर पुजारी भारतवासियों को पूज्य देवता बना रहे हैं...
सीढ़ी
परम धाम
मुक्ति धाम
शांति धाम
आत्मा
सत्व प्रधान
सतयुग
(1250 वर्ष)
आदि में जनसंख्या 9 लाख
सूर्य वंश
देवता वर्ण
16 कला सम्पूर्ण
8 जन्म
स्वयंवर पूर्व
महाराज कुमार श्री कृष्ण
महाराज कुमारी श्री राधे
स्वयंवर पश्चात
महाराजा श्री नारायण
महारानी श्री लक्ष्मी
हम सो पूज्य
विनाश काले परमपिता शिव के साथ प्रीतिबुद्धि भारत माता शिवशक्ति–अवतार विजयते
धर्म श्रेष्ठ, कर्म श्रेष्ठ, सुखी पावन, श्रेष्ठाचारी पूज्य भारत
स्वर्ग (सुखधाम)
एक धर्म, एक राज्य, एक भाषा
धर्म सत्ता और राज्य सत्ता एक हाथ में
राम राज्य
ब्रह्मा का दिन
संवत 1 से 2500 वर्ष
त्रेता युग
(1250 वर्ष)
चन्द्र वंश
क्षत्रिय वर्ण
14 कला
12 जन्म
राजा श्री रामचन्द्र
रानी श्री सीता
आत्मा
सतो
भारत
सोमनाथ
अव्यभिचारी भक्ति
द्वापर युग
(1250 वर्ष)
वैश्य वर्ण
8 कला
21 जन्म
शास्त्र
आत्मा
रजो प्रधान
5 विकार रूपी रावणराज्य में
भ्रष्टाचारी प्रवृत्ति मार्ग और
भक्ति दुर्गति मार्ग का आरम्भ
हम सो पुजारी
कलियुग
(1250 वर्ष)
कलाहीन
शूद्र वर्ण
42 जन्म
ब्रह्मा की रात
संवत 2501 से 5000 वर्ष
डूब जा डूब जा
जय गंगा मैया
व्यभिचारी भक्ति
धर्म भ्रष्ट, कर्म भ्रष्ट, दुःखी, पतित, भ्रष्टाचारी पुजारी भारत
नरक (दुःखधाम)
अनेक धर्म, अनेक राज्य, अनेक भाषाएँ
धर्म सत्ता और राज्य सत्ता अलग–अलग हाथों में
रावण राज्य
हाय बचाओ शिव बाबा
काम, क्रोध आदि
विनाशकाले परमपिता परमात्मा शिव से विपरीत बुद्धि विनश्यन्ति
निर्धन भारत
आत्मा
तमो प्रधान
साधु समाज
कॉंग्रेस (कौरव) सत्ता
भक्ति मार्ग में अनेक गुरू, अनेक मंत्र और हठ योग से दुर्गति।
10 वर्ष में पुरानी पतित भ्रष्टाचारी कलियुगी आसुरी दुनियाँ का विनाश
कलियुग अंत में सारी दुनियाँ की जनसंख्या 500 करोड़
अंतिम 84 वाँ साधारण पुजारी मरजीवा जन्म
शूद्र वर्ण से ब्राह्मण वर्ण
निराकार परमपिता शिव गीता ज्ञान दाता
विनाश काले परमपिता परमात्मा शिव से विपरीत बुद्धि विनश्यन्ति
प्रजापिता ब्रह्मा
जगदम्बा सरस्वती
पुरुषोत्तम संगम युग (40 वर्ष)
ईश्वरीय ब्राह्मण वर्ण 1 जन्म
चढ़ती कला
सहज ईश्वरीय ज्ञान और सहज ईश्वरीय राजयोग (कहानी याद) की यात्रा के द्वारा मुक्ति और जीवन मुक्ति (वरदान)
तत्कालीन केन्द्रः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, पांडव भवन, माउंट आबू (राज.)
वर्तमान कालीन केन्द्रः आध्यात्मिक ईश्वरीय विश्वविद्यालय, विजय विहार, रिठाला, दिल्ली–110 085

मनुष्या आत्मा ८४ लारव योनिया
धारण नहीं करती

श्री कृष्ण आ रहे हैं SHRI KRISHNA IS COMING
सर्वगुण संपन्न सोलह कला संपूर्ण देवता श्री कृष्ण
निकट महाभारी महाविनाश के बाद शीघ्र आ रहे हैं।
NON-VIOLENT COMPLETELY-VIRTUOUS DEITY
SHRI KRISHNA JUST COMING AFTER
FORTHCOMING DESTRUCTION
स्वर्ग HEAVEN